This question paper contains 3 printed pages] 2|12|19 E

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **2407**

Unique Paper Code : **62051313**

Name of the Paper : **Hindi-B**

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिंदी गद्य के उद्भव और विकास की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 12

**अथवा**

स्वतंत्रता पूर्व हिंदी नाटक की विकास-यात्रा का परिचय दीजिये।

2. 'गुंडा' कहानी की मूल संवेदना लिखिये। 12

**अथवा**

'बूढ़ी काकी' पाठ का कथ्य स्पष्ट कीजिए।

3. 'सदाचार का ताबीज़' पाठ का मूल विचार बताते हुए वर्तमान के सन्दर्भ में उसके महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। 12

munotes.in

**अथवा**

'मेले का ऊंट' पाठ के रचनात्मक उद्देश्य का विवेचन कीजिए।

4. 'अंधेर नगरी' में वर्णित समस्याओं के आधार पर नाटक की समीक्षा कीजिये। 12

**अथवा**

'बिबिया' में वर्णित सामाजिक समस्या का पाठ के आधार पर विश्लेषण कीजिए।

5. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10,10

(क) ''आधी रात जा चुकी थी, आकाश पर तारों के थाल सजे हुए थे और उन पर बैठे हुए देवगन स्वर्गीय पदार्थ सजा रहे थे, परन्तु उसमें किसी को वह परमानंद प्राप्त ना हो सकता था, जो बूढ़ी काकी को अपने समक्ष थाल देख-कर प्राप्त हुआ। रूपा ने कंठारुद्ध स्वर में कहा—काकी उठो भोजन कर लो मुझसे आज बड़ी भूल हुई, उसका बुरा ना मानना। परमात्मा से प्रार्थना कर दो कि वह मेरा अपराध क्षमा कर दें।

(ख) उधर फाटक से तिलंगे भींतर आने लगे थे। चेतसिंह ने खिड़की से उतरते हुए देखा कि बीसों तिलंगों की संगीनों में वह अविचलित होकर तलवार चला रहा है। नन्हकू के चट्टान सदृश शरीर से गैरिक की तरह रक्त की धारा बह रही है। गुंडे का एक-एक अंग कटकर वहीं गिरने लगा। वह काशी का गुंडा था।



(ग) आज दिन तुम विलायती फिटिन और टमटन जोड़ियों पर चढ़कर निकलते हो, जिनकी कतार तुम मेले के द्वार पर मीलों तक छोड़ आये हो, तुम उन्हीं पर चढ़कर मारवाड़ से कलकत्ते नहीं पहुँचे थे। यह सब तुम्हारे साथ की जन्मी हुई है। तुम्हारे बाप पचास साल के भी ना होंगे इससे वह भी मुझे भली-भांति नहीं पहचानते। हाँ उनके भी बाप हों तो मुझे पहचानेंगे। मैंने ही उनको पीठ पर लाद-कर कलकत्ते तक पहुँचाया है।

6. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिये : 7

(क) हिंदी उपन्यास का विकास

(ख) भारतेंदु मंडल का खड़ी बोली हिंदी के विकास में योगदान

(ग) फोर्ट विलियम कॉलेज का महत्व।